ont>

Title: Need to restart mining work in Kynamite mines at Dahegaon in Chimur Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री नामदेव हरबाजी दिवाथे (चिमूर) : सभापति महोदय, मेरे चिमूर निर्वाचन क्षेत्र में दहेगांव (ता - लाखांदूर) में 25 वर्ा पूर्व कायनामाईट खान शुरू हुई थी। वहां जिऑलॉजीकल सर्व्हे ऑफ इंडिया का स्टॉफ कार्यरत था। जिससे परिसर के लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ था, लेकिन अभी 10-12 साल से यह खान बंद अवस्था में पड़ी है। लोग बेरोजगार हुए हैं और दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। इस संबंध में मजदूर वर्ग ने आंदोलन भी किया था, मगर अभी तक यह खान शुरू नहीं की गई। इसलिए केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि दहेगांव जो मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है, में स्थित कायनामाईट खान में उत्खनन का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए।